हरिभूमि
# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 2 अप्रैल 2026

04 हनुमान जन्मोत्सव पर होंगे कई धार्मिक...



07 अनुविभागीय कार्यालय विहीन, नया भवन सिर्फ तहसीलदारों...








## समाचार संक्षेप

### राघौगढ़ में प्रवेश उत्सव के साथ नए शिक्षा सत्र की शुरुआत, छात्रों को वितरित की गईं पाठ्य पुस्तकें

**राघौगढ़।** नवीन शिक्षा सत्र 2026-27 की शुरुआत के साथ ही क्षेत्र के सभी शासकीय स्कूलों में शुक्रवार को प्रवेश उत्सव कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान शासन की योजनाओं के अनुरूप विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया।इसी क्रम में शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में भी प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका राघौगढ़ के उपाध्यक्ष रामस्वरूप मीना एवं विद्यालय के प्राचार्य व विकासखंड शिक्षा अधिकारी डॉ. अरविन्द कुमार तिवारी की विशेष उपस्थिति रही।कार्यक्रम का शुभारंभ फीता काटकर किया गया, जिसके बाद अतिथियों द्वारा छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर उनका स्वागत किया गया और उन्हें पाठ्य पुस्तकें वितरित की गईं।इस अवसर पर डॉ. मोहन यादव द्वारा मॉडल स्कूल भोपाल से आयोजित राज्य स्तरीय प्रवेश उत्सव 2026 का सजीव प्रसारण भी विद्यार्थियों को दिखाया गया। साथ ही अभिभावकों को प्रवेश से संबंधित आवश्यक जानकारी भी प्रदान की गई।कार्यक्रम के दौरान विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा और पूरे आयोजन में उत्साह एवं उमंग का माहौल देखने को मिला।



### बढ़ती महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का उग्र प्रदर्शन, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन,दी आंदोलन की चेतावनी

**राघौगढ़।** बढ़ती महंगाई के विरोध में बुधवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने जोरदार प्रदर्शन किया। ब्लॉक अध्यक्ष राहुल वस्त्र के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) राघौगढ़ को ज्ञापन सौंपा।यह प्रदर्शन ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय से शुरू होकर तहसील परिसर तक पहुंचा, जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रदर्शन के दौरान महंगाई को लेकर कार्यकर्ताओं में खासा आक्रोश देखने को मिला।इस मौके पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र लाहोटी ने कहा कि पेट्रोल-डीजल के दाम लगातार बढ़ रहे हैं और रसोई गैस की कीमतों में भी स्थिरता नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी में देरी हो रही है, जो सरकार की दोहरी नीति को दर्शाता है।उन्होंने आगे कहा कि खाद्य सामग्री की कमी, खाद की आपूर्ति में गिरावट और यूरिया व डीएपी की कमी के कारण किसान परेशान हैं। इन समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं होने पर आंदोलन और तेज किया जाएगा।प्रदर्शन में वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के साथ युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, ग्रामीण कांग्रेस और मंडल स्तर के कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### ग्राम विकास समिति आमासेर और पुलिस प्रशासन के बीच समन्वय बैठक की गई आयोजित

**चाचौड़ा।** ग्राम विकास समिति आमासेर एवं पुलिस प्रशासन के बीच एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक आयोजित की गई, जिसमें गांव की सामाजिक व्यवस्था एवं सुरक्षा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक के दौरान पुलिस प्रशासन ने ग्रामीणों को छोटे-मोटे विवाद आपसी समझाइश से सुलझाने की सलाह दी। साथ ही नाबालिग बच्चों के घर से भागने जैसी घटनाओं को रोकने के लिए जागरूकता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। अभिभावकों को बच्चों के साथ संवाद बनाए रखने और उन्हें सही मार्गदर्शन देने के लिए प्रेरित किया गया।इस अवसर पर ग्राम विकास समिति द्वारा थाना प्रभारी का फूलमाला एवं साफा पहनाकर स्वागत एवं सम्मान किया गया। बैठक में पांच प्रमुख बिंदुओं पर विशेष चर्चा हुई, जिनमें—नशा मुक्ति अभियान को प्रभावी बनाना,शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना,नाबालिग बच्चों के घर से भागने की घटनाओं की रोकथाम,साइबर फ्रॉड की जानकारी तुरंत थाने में देने की अपील,और छोटे-मोटे विवादों को आपसी समन्वय से सुलझाने पर बल दिया गया।बैठक में सह सचिव रमेश भील सहित भारतसिंह, रामचरण भील, महाराज सिंह, जगदीश सिंह, पूरन सिंह, शंभू सिंह, धर्म सिंह, बीना सिंह, विजय सिंह, बाबूलाल, जगदीश ठाकुर, भवालाल, कमलेश नेताजी, रामदयाल सहित अन्य ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



### 41 वर्ष की सेवा के बाद शिक्षक विष्णु चरण विश्वकर्मा सेवानिवृत्त, सागोड़िया में भव्य विदाई समारोह आयोजित

**चांचौड़ा।** शासकीय प्राथमिक विद्यालय सागोड़िया में पदस्थ शिक्षक विष्णु चरण विश्वकर्मा 41 वर्षों की उत्कृष्ट एवं समर्पित सेवा के बाद सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर विद्यालय एवं ग्रामवासियों द्वारा एक गरिमामय और भावभीना विदाई समारोह आयोजित किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त पशु चिकित्सक फूसा लाल अहिरवार, संकुल प्राचार्य चाचौड़ा डॉ. विनायक शोपरा, जन शिक्षक बलवीर सिंह भील, मुकेश कुमार मेहरा एवं हुकुम चंद सैनी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों एवं ग्रामवासियों ने सेवानिवृत्त शिक्षक का शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया।ग्राम सागोड़िया के नागरिकों ने अपने-अपने घरों पर विष्णु चरण विश्वकर्मा का स्वागत कर उनके प्रति सम्मान और स्नेह प्रकट किया। कार्यक्रम में सरपंच धनराज सिंह गुर्जर ने अतिथियों का स्वागत किया।इस अवसर पर राममोहन त्यागी महाराज सहित संत समाज एवं पूर्व सेवानिवृत्त शिक्षक लक्ष्मीनारायण सैनी भी मंचासीन रहे। साथ ही संकुल अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मांगीलाल भील भी उपस्थित रहे, जिन्हें स्वयं विष्णु चरण विश्वकर्मा ने शिक्षा दी थी।वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक का पद अत्यंत गरिमामय होता है और इसे निष्ठा एवं ईमानदारी से निभाना ही सच्चा कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि समाज में सम्मान पाना आसान नहीं होता, लेकिन विष्णु चरण विश्वकर्मा ने अपने कार्य और व्यवहार से यह सम्मान अर्जित किया।कार्यक्रम का समापन भावुक माहौल में हुआ, जहां सभी ने उनके स्वस्थ एवं सुखद जीवन की कामना की। अंत में सहभोज का आयोजन किया गया और सेवानिवृत्त शिक्षक ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम के अंत में संस्था प्रभारी दानिश खान ने सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं ग्रामवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया तथा विष्णु चरण विश्वकर्मा को उपहार भेंट कर भावपूर्ण विदाई दी।



### आरोन सिविल अस्पताल में विधायक प्रतिनिधियों का स्वागत, सम्मान समारोह आयोजित

**आरोन।** नगर के सिविल अस्पताल में क्षेत्रीय विधायक जयवर्धन सिंह द्वारा नियुक्त दो नए विधायक प्रतिनिधियों का सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया। खुर्रम खान और कमल प्रजापति को विधायक प्रतिनिधि बनाए जाने पर अस्पताल परिसर में स्वागत समारोह आयोजित हुआ।कार्यक्रम के दौरान सीबीएमओ डॉ. के. एन. भिलवारे एवं विधायक प्रतिनिधि मिंटूलाल जैन ने दोनों नव-नियुक्त प्रतिनिधियों का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर अस्पताल स्टाफ एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।नव-नियुक्त प्रतिनिधि खुर्रम खान और कमल प्रजापति ने अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी और निष्ठा के साथ निर्वहन करने की बात कही। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे क्षेत्र की जनता की समस्याओं को प्राथमिकता से सुनेंगे और उनके समाधान के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने उम्मीद जताई कि दोनों प्रतिनिधि क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।



# ओमकार कॉलेज में डिजिटल टेक्नोलॉजी के दुष्प्रभावों पर हुआ सेमिनार

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

स्थानीय कलमकार कॉलोनी स्थित ओमकार नर्सिंग महाविद्यालय में अजीम प्रेम जी विश्वविद्यालय भोपाल के तत्वाधान में डिजिटल टेक्नॉलोजी के दुष्प्रभाव पर सेमिनार आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि प्रोफेसर प्रशांत केशवानी ने पी.पी.टी के माध्यम से डिजिटल टेक्नोलॉजी के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वर्तमान समय में युवा पीढ़ी डिजिटल टेक्नोलॉजी के चक्रव्यूह में फंसती जा रही है जिससे हमारे मस्तिष्क की सोचने की क्षमता कम होती जा रही है। उन्होंने युवाओं से आवाहन करते हुए कहा कि स्मार्टफोन पर स्क्रीन टाइम कम करना चाहिए और शरीरिक गधिविधियां जैसे पेंटिंग, रीडिंग, म्यूजिक, खेल आदि गतिविधियों में रुचि बढ़ाना चाहिए। इसी तारतम्य में मन कॉलेज के संस्थापक डॉ. आर.एस भाटी ने युवा पीढ़ी में स्मार्टफोन और नशे के प्रति लत होने पर चिंता जाहिर करते हुए सचेत किया कि आज के युवा टेक्नॉलोजी से दूरी नहीं बनाते हैं तो उनका भविष्य खतरे में पड़ सकता है। इसी प्रकार मन कॉलेज की असिस्टेंट प्रोफेसर समृद्धि ओली ने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमें किसी भी काम को करने के लिए एक समय निश्चित करना चाहिए। ओमकार महाविद्यालय के चेयरमैन प्रदीप सेन ने बताया कि स्मार्टफोन आज के युवाओं के लिए एक स्लो पॉइज़न की तरह कार्य करता है जो कि आगे चलकर लत का रूप धारण कर लेता है अतः डिजिटल टेक्नॉलाजी के दुष्प्रभावों से बचने के लिए विशेष रूप से छात्रों को इससे उचित दूरी बनाते हुए कुछ सृजनात्मक करना चाहिए। इसी तारतम्य में महाविद्यालय की संचालिका डॉ. मधु कृष्णानी ने छात्रों में स्क्रीन टाइम कम करने के लिए शैक्षणिक संस्थाओं में स्मार्टफोन के उपयोग को सीमित करने को कहा। इस अवसर पर महाविद्यालय के संचालक आनंद मंगल, प्रशाषनिक अधिकारी कुणाल देशमुख, मनीष श्रीवास्तव, नर्सिंग प्राचार्य निर्मल नागर एवं समस्त शैक्षणिक व अषैक्षणिक स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के शिक्षक ललित सेन एवं आभार प्रकट डॉ. शिवचरण करौंट द्वारा किया गया।




### गुना के वंदना कान्वेंट स्कूल में नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए 'विद्यारंभ' कार्यक्रम आयोजित

**गुना।** स्थानीय वंदना कान्वेंट स्कूल में नवीन शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ के अवसर पर 'विद्यारंभ' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नवप्रवेशित नन्हे विद्यार्थियों का विद्यालय परिवार में स्वागत करना और उनके शैक्षिक जीवन की सकारात्मक एवं प्रेरणादायक शुरुआत सुनिश्चित करना था।कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उन्हें नियमित अध्ययन, अनुशासन और उत्तम संस्कारों के महत्व से अवगत कराया।मुख्य अतिथि सिस्टर मर्सीलेट ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि शिक्षा जीवन में सफलता की कुंजी है। उन्होंने विद्यार्थियों को परिश्रम, समर्पण और लक्ष्य के प्रति दृढ़ रहने का संदेश दिया।कार्यक्रम के दौरान नन्हे विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत कविताओं और गीतों ने सभी का मन मोह लिया। अंत में विद्यार्थियों को आशीर्वाद प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।इस प्रकार 'विद्यारंभ' कार्यक्रम ने विद्यालय परिसर में उत्साह, उमंग और सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया।




## टेकरी मेला सहित सभी पहुंच मार्गों पर रहेगी पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था


# हनुमान जन्मोत्सव पर होंगे कई धार्मिक कार्यक्रम, टेकरी पर लगेगा भव्य मेला



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

श्री हनुमान टेकरी धाम पर प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी 2 अप्रैल को श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर विशाल मेले का आयोजन किया जा रहा है । इस अवसर पर गुना जिले सहित आसपास के विभिन्न जिलों एवं राज्यों से लाखों श्रद्धालु दर्शन हेतु टेकरी धाम पहुंचेंगे । मेले के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसके लिए पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के निर्देशन में टेकरी मंदिर, मेला परिसर तथा शहर से टेकरी तक आने-जाने वाले सभी प्रमुख मार्गों पर सुदृढ़ एवं व्यापक पुलिस व्यवस्था की गई है । सुरक्षा व्यवस्था हेतु पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा, जो स्थिर एवं मोबाइल ड्यूटी के माध्यम से सतत निगरानी करेगा। साथ ही ड्रोन एवं सीसीटीवी कैमरों द्वारा भी असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखी जाएगी ।

**पुलिस का आग्रहः** सभी श्रद्धालुओं से अनुरोध है कि हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर आयोजित इस विशाल मेले में पुलिस द्वारा की गई व्यवस्थाओं का पालन करते हुए सहयोग प्रदान करें, ताकि मेला शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हो सके ।



### यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था

1. **एकांकी मार्ग (आवागमन हेतु)**: टेकरी जाने हेतु जयस्तंभ चौराहा जगत तिराहा शास्त्री पार्क ममता डेयरी बैजू चौराहा सोनी कॉलोनी देवी अहिल्याबाई मार्ग (न्यू टेकरी रोड) श्मशान घाट तिराहा बूढ़े बालाजी मार्ग निर्धारित किया गया है ।
2. **वापसी मार्ग**: टेकरी से शहर की ओर वापसी हेतु बूढ़े बालाजी श्मशान घाट पुलिया हनुमंता मंदिर छिंगा चौराहा ख्यावदा चौराहा बोहरा मस्जिद तिराहा शास्त्री पार्क/सुगन चौराहा मार्ग रहेगा । वैकल्पिक मार्गः हनुमंता मंदिर आसमानी माता मंदिर बताशा गली जैन मंदिर निचला बाजार रपटा ।
3. **दो पहिया वाहन पार्किंग**: शहर की ओर से आने वाले दोपहिया वाहन टेकरी बायपास रोड अंडरपास के पहले पार्किंग-2 में पार्क होंगे ।
4. **विशेष व्यवस्था (प्रातः काल)**: मंगला आरती तक दोपहिया वाहन मेला परिसर (टेकरी के नीचे) पार्क किए जा सकेंगे । प्रातः 04:00 बजे के बाद अंडरपास से आगे सभी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा । आपातकालीन वाहनों हेतु अलग मार्ग निर्धारित किया गया है ।
5. **भारी वाहनों पर प्रतिबंध**: जगत होटल तिराहा से शास्त्री पार्क होते हुए टेकरी मार्ग पर ट्रैक्टर, लोडिंग वाहन, बस, ट्रक आदि का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा । ऐसे वाहन चिंताहरण मंदिर से हाईवे बायपास होकर टेकरी पुल के पास सर्विस लेन से उतरकर पार्किंग-3 में खड़े होंगे ।
6. **चार पहिया वाहन पार्किंग**: शहर से आने वाले चार पहिया वाहन बूढ़े बालाजी से हरिपुर रोड होते हुए बायपास अंडरपास के माध्यम से सर्विस लेन से निकलकर पार्किंग-3 में पार्क होंगे ।
7. **ऑटो/टैक्सी व्यवस्था**: बूढ़े बालाजी मैदान में ऑटो एवं टैक्सी के लिए पार्किंग रहेगी । यहां से आगे बैरिकेडिंग एवं ड्रॉप गेट रहेगा, जिसके आगे ऑटो-टैक्सी का प्रवेश वर्जित होगा ।
8. **बायपास (दो खंभा साइड) से आने वाले वाहन**: सकतपुर रोड अंडरपास से सर्विस रोड के माध्यम से नीचे उतरकर अंडरपास पार करने के बाद पार्किंग-4 में पार्क होंगे ।

## 2.63 किलोग्राम गांजा सहित तस्करी में प्रयुक्त मोटर साइकिल बरामद की

### गांजा तस्करी में 3 आरोपी किए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के निर्देशन में जिले में अवैध मादक पदार्थों की बिक्री, तस्करी एवं इन गतिविधियों में संलिप्त माफियाओं पर सतत निगरानी रखते हुए कठोर कार्यवाही की जा रही है । इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुना मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन एवं सीएसपी गुना श्रीमती प्रियंका मिश्रा के पर्यवेक्षण में कैंट थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव और उनकी टीम द्वारा अवैध मादक पदार्थ गांजा तस्करी की सूचना पर त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुए 03 आरोपियों को गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की गई है ।

गत दिनांक 31 मार्च 2026 को कैंट थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना हुई कि ग्राम इमझरा के कच्चे रास्ते पर झाडियों के पास एक व्यक्ति अपने अन्य दो साथियों के साथ हीरो एचएफ डीलक्स मोटर साइकिल क्रमांक MP67 MK 4019 पर अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर उसे बेचने के लिए खडे हुए हैं । थाना क्षेत्र में गांजा तस्करी की उक्त सूचना के मिलते ही सूचना की तस्दीक व कार्यवाही हेतु तत्काल कैंट थाने से पुलिस की एक टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर देखा तो वहां पर मुखबिर के बताए हुलिए का एक व्यक्ति अपने अन्य दो साथियों के साथ मोटर साइकिल लेकर साथ खडा दिखा, जिनकी मोटर साइकिर एक बैग टंगा हुआ था, जिन्हें पुलिस फोर्स ने भागने का अवसर न देते हुए तीनों को वमुश्किल घेराबंदी कर धर दबोच लिया गया । पूछताछ पर जिन्होंने अपने नाम सूर्या उर्फ संदेश पुत्र बलवीर सिंह रघुवंशी उम्र 28 साल निवासी ग्राम गजनाई थाना म्याना जिला गुना, रामबाबू पुत्र हल्कूराम पाल उम्र 22 साल निवासी ग्राम करोद थाना कैंट गुना एवं कैलाश पुत्र रामचरण रघुवंशी उम्र 56 साल निवासी ग्राम पचलावना थाना ईसागढ जिला अशोकनगर के होना बताए एवं मुखबिर सूचना के आधार पर जिसकी विधिवत तलाशी लेने पर उनके पास रहे बैग से 2.63 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा अनुमानित कीमत करीब 20 हजार रुपये का बरामद हुआ, आरोपियों से बरामद गांजे के संबंध में पूछताछ करने पर, उक्त गांजा बडागांव, अशोकनगर निवासी शिशुपाल रघुवंशी से खरीद कर लाना बताया । पुलिस द्वारा आरोपियों से बरामद गांजा एवं घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल को विधिवत जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया और अवैध मादक पदार्थ गांजे के क्रय विक्रय में संलिप्त चारों आरोपियों के विरुद्ध कैंट थाने में अपराध क्रमांक 206/26 धारा 8/20/29 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है । पुलिस द्वारा आरोपी के गांजा तस्करी के अन्य स्त्रोतों एवं संभावित नेटवर्क की भी जांच की जा रही है । नशे के विरूद्ध कैंट थाना पुलिस की इस उल्लेखनीय कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव, उपनिरीक्षक कुशल पाल, सउनि बालकृष्ण जाटव, आरक्षक सूर्यभान जाट, आरक्षक धर्मेन्द्र रघुवंशी, आरक्षक देवेन्द्र रघुवंशी, आरक्षक शुभम रघुवंशी एवं आरक्षक महेन्द्र वर्मा का विशेष योगदान रहा है ।



## गुना जिले में शिक्षकों को वेतन का इंतजार, आर्थिक संकट गहराया

**गुना(हरिभूमि न्यूज)।** जिले में अब भी कई शिक्षक ऐसे हैं, जिन्हें वेतन का इंतजार करना पड़ रहा है। विशेष रूप से सहायक शिक्षक संवर्ग, नवनियुक्त प्राथमिक शिक्षक (गुना ब्लॉक) और बमोरी क्षेत्र के प्राथमिक शिक्षक अब तक वेतन से वंचित हैं।शिक्षकों का कहना है कि वे लगातार विभागीय अधिकारियों से संपर्क कर रहे हैं, लेकिन हर बार "बजट उपलब्ध नहीं है" का हवाला देकर उन्हें टाल दिया जाता है। वेतन नहीं मिलने के कारण शिक्षकों को गंभीर आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई शिक्षकों ने बताया कि घर का खर्च, बच्चों की पढ़ाई और दैनिक जरूरतों के साथ-साथ लोन की किस्त जमा न होने के कारण अतिरिक्त भार बढ़ता जा रहा है।शिक्षकों में इस बात को लेकर नाराजगी है कि जब जिले के अन्य संवर्गों को वेतन मिल चुका है, तो उनके साथ भेदभाव क्यों किया जा रहा है। उनका आरोप है कि शिक्षा विभाग की लापरवाही और कमजोर वित्तीय प्रबंधन के कारण यह स्थिति बनी हुई है।शिक्षकों ने मांग की है कि जल्द से जल्द बजट की व्यवस्था कर उनके लंबित वेतन का भुगतान किया जाए, ताकि वे मानसिक और आर्थिक तनाव से बाहर निकल सकें। वहीं, इस पूरे मामले में शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो शिक्षक संघ आंदोलन का रास्ता भी अपना सकते हैं।वहीं जिला शिक्षा अधिकारी का कहना है कि बजट के अभाव के कारण कुछ शिक्षकों का वेतन अभी जारी नहीं हो पाया है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में भोपाल को डिमांड भेज दी गई है और जैसे ही बजट का आवंटन होगा, शेष शिक्षकों को वेतन जारी कर दिया जाएगा।

## नगर में बड़े हर्ष-उल्लास के साथ मनाई गई मां कर्मा देवी जयंती



हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी साहू समाज ने अपनी आराध्य मां कर्मा देवी जयंती महोत्सव नगर में बड़े हर्ष-उल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत समाज के लोगों ने मां कर्मा देवी के चित्र पर माल्यार्पण और पूजा-अर्चना कर किया, साथ ही उनके आदर्शों को याद किया गया।कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि मां कर्मा त्याग, सेवा और भक्ति की प्रतीक थीं। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण के प्रति अपनी अटूट भक्ति से समाज को प्रेरणा दी।जयंती के अवसर पर श्री राम मैरिज गार्डन से एक विशाल चल समारोह निकाला गया, जो पुराना बस स्टैंड चौराहा, गुलाबगंज चौराहा, दास हनुमान मंदिर चौराहा, अशोकनगर रोड, घोसी मोहल्ला और सदर बाजार सहित प्रमुख मार्गों से होते हुए कार्यक्रम स्थल श्री राम मैरिज गार्डन पहुंचा। इस दौरान चल समारोह का स्वागत रामरतन साहू के प्रतिष्ठान पर पार्षद अजय दुबे, मुकेश पटेल, शक्ति शर्मा, रघुवंशी समाज और नगर परिषद विधायक प्रतिनिधि मिंटूलाल जैन के नेतृत्व में किया गया।कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजनों ने समाज की एकता और संस्कारों को बनाए रखने का आह्वान किया। इस मौके पर सभी उपस्थित लोगों ने मां कर्मा देवी के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में गुना, अशोकनगर, राजगढ़ और विदिशा जिलों से लगभग 5,000 स्वजातीय लोग शामिल हुए। जयंती महोत्सव के दौरान घोड़ा-बग्गी, कलश और मुख्य बेदी की बोलियां लगाई गईं। इसमें प्रथम बोली के तहत मुकेश साहू (राजगढ़ बालों) को घोड़े पर सवार होकर कार्यक्रम का नेतृत्व करने का अवसर मिला। दूसरी बग्गी बोली में रामरतन साहू को मां कर्मा देवी की शोभायात्रा में सेवा करने का अवसर और सुरेन्द्र साहू को कलश लेने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। मुख्य बेदी की बोली रविंद्र साहू ने संभाली।समारोह का समापन भोजन और प्रसाद वितरण के साथ हुआ, जिसमें सभी उपस्थितजनोंने उत्सव का आनंद लिया और जयंती को सफलतापूर्वक मनाया।

### एचपीवी टीकाकरण की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित हुई

**गुना ।** डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर के मार्गदर्शन में शहरी क्षेत्र गुना में एचपीवी टीकाकरण की प्रगति की समीक्षा हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। शहरी क्षेत्र में एचपीवी टीकाकरण का प्रतिशत अपेक्षाकृत कम पाए जाने के कारण आयोजित इस बैठक में डीएचओ, डीआईओ, डाटा प्रबंधक (टीकाकरण) की उपस्थिति में समस्त एएनएम, आशा कार्यकर्ता एवं एमएमएससी में पदस्थ मेडिकल ऑफिसर्स सम्मिलित हुए।

## ग्राहक पंचायत टीम ने गैस एजेंसियों का किया दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की कार्यकारिणी टीम ने शहर की गैस एजेंसियों का दौरा कर आमजन को सिलेंडर मिलने में आ रही समस्याओं की जानकारी ली।

टीम ने ग्राहकों के सामने बुकिंग, वितरण और वैकल्पिक व्यवस्था से जुड़ी विस्तृत जानकारी हासिल की।मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ संगठन मंत्री अलंकार वशिष्ठ ने बताया कि सर्वर समस्याओं के कारण सिलेंडर बुकिंग में दिक्कतें आ रही हैं। उन्होंने कहा कि ऐप्स के जरिए बुकिंग की जा सकती है, और बुकिंग होने पर सिंगल सिलेंडर बालों को 25 दिन, डबल बालों को 35 दिन, तथा उज्ज्वला कनेक्शन धारियों को 45 दिन में डिलीवरी मिलती है।एजेंसी मैनेजर ने बताया कि पहले से बुकिंग वाले ग्राहकों को प्राथमिकता दी जा रही है और बिना DAC OTP के सिलेंडर नहीं दिए जा सकते। वर्तमान में बुकिंग की संख्या सामान्य स्थिति में है।ग्राहकों को किसी भी समस्या के लिए टोल फ्री नंबर 1800-233-3555, 9406589433, 07542-256143 और ग्राहक पंचायत संपर्क सूत्र 8234026624, 7999031248, मीडिया प्रभारी 7389791174 पर संपर्क करने की सलाह दी गई।टीम में जिला सचिव विट्ठल अहिरवार, नगर अध्यक्ष दीनदयाल टिकरिया, जिला कार्यकारिणी सदस्य सोनू बैरागी और मीडिया प्रमुख राकेश लोधा उपस्थित थे। टीम ने आमजन से अपील की कि वे किसी भ्रम में न पड़ें और केवल विश्वसनीय जानकारी का पालन करें।

## नगर में स्वास्थ्य व्यवस्था पर लगे सवालिया निशान

# आरोन सिविल अस्पताल में स्ट्रेचर न मिलने पर हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

सिविल अस्पताल आरोन में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की गंभीर कमी उजागर हो गई, जब एक्सीडेंट में घायल मरीज को स्ट्रेचर न मिलने के कारण परिजनों को उसे गोद में उठाकर एंबुलेंस तक ले जाना पड़ा। इस दौरान अस्पताल परिसर में परिजनों ने जमकर हंगामा किया। जानकारी के अनुसार, ग्राम पातालेश्वर रोड पर दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर में नायक परिवार का एक युवक घायल हो गया। उसे तत्काल सिविल अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गुना रेफर कर दिया गया।परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में संसाधनों की भारी कमी है। सबसे गंभीर स्थिति तब बनी जब ड्रिप लगे घायल मरीज को ले जाने के लिए स्ट्रेचर उपलब्ध नहीं हुआ। मजबूरन परिजनों को मरीज को गोद में उठाकर एंबुलेंस तक ले जाना पड़ा, जिससे लोगों में आक्रोश फैल गया।स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे सड़क हादसों के बावजूद सिविल अस्पताल में पर्याप्त सुविधाएं नहीं हैं। लगभग 90% मरीजों को केवल औपचारिकता पूरी कर गुना रेफर कर दिया जाता है, जिससे समय पर इलाज नहीं मिल पाता और जान का खतरा रहता है।मामले में जब सीबीएमओ डॉ. के. एन. भिलवारे से संपर्क करने की कोशिश की गई, तो बताया गया कि वे टीएल मीटिंग में व्यस्त हैं।वहीं क्षेत्रीय विधायक जयवर्धन सिंह के प्रतिनिधि खुर्रम खान ने कहा कि जल्द ही अस्पताल के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बैठक कर उपलब्ध संसाधनों की समीक्षा की जाएगी और जो भी कमियां हैं, उन्हें दूर करने का पूरा प्रयास किया जाएगा।



## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने दिव्यांग को मौके पर प्रदान की बैशाखी

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय से ग्राम कुमर्रा के आवेदक दिव्यांग वकील अहिरवार द्वारा आवेदन देते हुए बैशाखी दिलाये जाने की गुहार लगाई। कलेक्टर द्वारा आवेदक के आवेदन पर त्वरित रूप संज्ञान लेते हुए संबंधित विभाग को निर्देशित कर मौके पर ही आवेदक को बैशाखी प्रदान की। वैशाखी पाकर दिव्यांग वकील अहिरवार कलेक्टर को धन्यवाद देते हुए गंतव्य की ओर रवाना हुआ।

### जिले में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत पठार मोहल्ला निवासी विमल केवट ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी चार अज्ञात लोगों ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत मंदसौर मिल क्षेत्र निवासी दिलीप कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी दीपक कुशवाह ने डंडे से उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खैराभान निवासी हरिओम यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रघुनंदन और छोटू यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से सरोज बाई यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वीकेश यादव और हरिओम यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कचनार देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम लालपुर निवासी राजेश कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रामबाबू और हरिभजन कुशवाह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### जिले में फांसी लगाकर खुदकुशी करने के दो मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में दो अलग अलग थाना क्षेत्रों में फांसी लगाने के दो घटनाओं के मामले दर्ज किए गए हैं। जिले के कदवाया थाने के अंतर्गत ग्राम धनवारा निवासी मोहरसिंह आदिवासी ने खेरे में आम के पेड़ पर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। दूसरी घटना जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत स्टेशन रोड़ मुंगावली पर हुई जहां राजा पुत्र दल्लू अहिरवार उम्र 25 साल ने घर में ही पंखे के कुंदे से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली।

### सरसों भावांतर योजना 16 अप्रैल से प्रारंभ

**अशोकनगर।** रबी वर्ष 2025-26 हेतु सरसों भावांतर योजना के क्रियान्वयन हेतु वर्तमान परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए 16 अप्रैल से सरसों भावांतर योजना प्रारंभ किये जाने का निर्णय शासन द्वारा लिया गया है।

### महामासिक मिलन सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ सम्पन्न

**अशोकनगर।** भारतीय जैन मिलन के आव्हान पर जैन मिलन परिवार द्वारा मंगलवार को रात्रि में जैन भवन में महामासिक मिलन आयोजित किया गया। इसके अंतर्गत महावीर प्रार्थना के उपरांत णमोकार महामंत्र का पाठ तथा पाश्र्वनाथ जैन मंदिर पाठशाला, शांतिनाथ मंदिर पाठशाला, गांव मंदिर पाठशाला, सुभाष गंज मंदिर पाठशाला के बच्चों द्वारा बहुत सुंदर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। इन सभी प्रस्तुति देने वालों का सम्मान आयोजकों द्वारा किया गया। पाठशाला में प्रतिदिन बहिनों द्वारा निःशुल्क धार्मिक शिक्षा दी जाती है उन सभी चारों पाठशालाओं की दीदियों का भी सम्मान किया गया। दिन रात समाज की व्यवस्थाओं में अपना अतुलनीय योगदान देने वाले दि. जैन पंचायत के अध्यक्ष राकेश कांसल एवं महामंत्री राकेश अमरोद तथा श्वेताम्बर जैन समाज के अध्यक्ष राजेंद्र कोचर का भारतीय जैन मिलन की चारों शाखाओं द्वारा शॉल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। जैन मिलन अध्यक्ष पवन जैन, मंत्री वीर संजय जैन गीत गंगा,पाश्र्व जैन मिलन अध्यक्ष नीरज तारई,मंत्री सोरभ जैन शोरू,जैन मिलन सेंट्रल अध्यक्ष सचिन जैन बारी, मंत्री सचिन जैन सर्राफ एवं महिला जैन मिलन अध्यक्ष प्रीति पाली,मंत्री आशी मिर्ची तथा विनीता मिर्ची, शैलजा खैरा आदि रहे मौजूद।

---

एसडीएम ने कहा-हमारा कार्यालय भी नए भवन में ही लगाएंगे

# अनुविभागीय कार्यालय विहीन, नया भवन सिर्फ तहसीलदारों के लिए बना!






हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिला मुख्यालय पर नए तहसील भवन का निर्माण किया गया है। इस भवन का लोकार्पण केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा होने जा रहा है। इस भवन को संयुक्त तहसील कार्यालय भवन के रूप में बनाया गया है, जिसमें अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय का कोई जिक्र नहीं हैं, ऐसे में सवाल यह है कि अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय कहां लगेगा। अभी तक तहसील भवन में ही संयुक्त रूप से अनुविभागीय अधिकारी का कार्यालय लगता रहा है। अशोकनगर शहर में तहसील कार्यालय का यह तीसरा भवन होगा, सबसे पहले तहसील की शुरूआत, गांधी पार्क के समीप पुराने अदालत भवन मे हुई थी। 1933 में तहसील प्रारंभ हुई उस समय इस शहर का नाम पछार था। अशोकनगर में 1956 में एसडीएम कार्यालय की शुरूआत की गई। अब तक यहां 67 एसडीएम पदस्थ हो चुके हैं, वर्तमान में यहां जो तहसील भवन है यहां तहसीलदार के साथ दो नायब तहसीलदार और एसडीएम कार्यालय संचालित है। जब अशोकनगर में अपर कलेक्टर के पद की स्थापना हुई थी, उस समय पहले अपर कलेक्टर पुखराज मारू यहां आए थे, तब भी अपर कलेक्टर का कार्यालय इसी भवन में लगता था।

**एक समय अपर कलेक्टर का कार्यालय भी तहसील भवन में लगता था**

वर्तमान में जो तहसील भवन है उसके ऊपर अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय एवं तहसीलदार अशोकनगर लिखा हुआ है, लेकिन जो नया भवन बना है उस पर अनुविभागीय अधिकारी के नाम का कोई उल्लेख नहीं है उस पर संयुक्त तहसील कार्यालय का उल्लेख है। ऐसे में अनुविभागीय अधिकारी का कार्यालय कहां लगेगा यह अभी स्पष्ट नहीं है, क्योंकि नया भवन तहसीलदारों के हिसाब से बनाया गया है। अभी तहसील के साथ ही एसडीएम कार्यालय चलता रहा है यह नया भवन संयुक्त अनुविभागीय अधिकारी और तहसीलदार कार्यालय के नाम से बनाया जाना था, लेकिन यहां तहसीलदारों की व्यवस्था की गई है। वर्तमान में तहसील भवन पुराना होने से क्षतिग्रस्त हो गया है उसके स्थान पर नया भवन बनाया गया है, लेकिन जिस स्थान पर यह तहसील बनी है वह भूमि किसके नाम से है इसका अभी पता नहीं है। यह भी संभावना बताई जा रही है जिस जगह तहसील बनी है वह भूमि जनपद कार्यालय के नाम हो सकती है लेकिन अभी इस तरह के दस्तावेज तलाशे जा रहे हैं।

### नए तहसील भवन में हेंडओवर से पहले कार्य पूरे कराए जाएगें

नए तहसील भवन में 40 छोटे बड़े कक्ष हैं जिसमें यह तहसील भवन लगाया जाएगा, हालांकि केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया इस भवन का लोकार्पण करने आ रहे हैं लेकिन अभी भवन का निर्माण पूरा नही हुआ है न ही आवश्यक सुविधाओं के इंतजाम ठेकेदार द्वारा किए गए हैं जिस तरह का ले आउट इस भवन का है और जिन सुविधाओं का जिक्र है उनके पूरा होने के बाद ही इसे हेंडओवर किया जाना चाहिए, क्योंकि बाद में ठेकेदारों द्वारा कार्यों को छोड़ दिया जाता है। इन बिंदुओं पर भी विशेष ध्यान प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा रखा जा रहा है।

### क्या कहना है इनका

वर्तमान में जो नया तहसील भवन बनाया गया है, उसमें अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय का जिक्र नहीं है लेकिन हम अपना अनुविभागीय अधिकारी का कार्यालय नए भवन में ही लेकर जाएगे, क्योंकि हमेशा से तहसील भवन में ही एसडीएम का कार्यालय लगता रहा है। हम इस बात पर विशेष ध्यान दे रहे हैं कि भवन के लोकार्पण के बाद ठेकेदार द्वारा सम्पूर्ण कार्य पूरे करके दिए जाएं, लोकार्पण के बाद कार्य पूरे कराए जाएगें, उसके बाद यह कार्यालय नए भवन में स्थानांतरित होगें

**शुभ्रता त्रिपाठी अनुविभागीय अधिकारी अशोकनगर**

---

20 लाख की लागत से बनेगी सीसी सड़क और नाली

# अशोकनगर छैलाबाग क्षेत्र को मिली विकास की सौगात



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

शहर के विकास को गति देते हुए बुधवार को वार्ड क्रमांक 21 स्थित छैलाबाग क्षेत्र में निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया गया। नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया एवं पूर्व विधायक जजपाल सिंह ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया।

**विकास कार्यों का विवरण-** कुल 20 लाख रूपए से प्रमुख कार्य सुव्यवस्थित सीसी सड़क का निर्माण और जल निकासी के लिए पक्की नाली का निर्माण किया जाएगा। लंबे समय से इस क्षेत्र के रहवासी जर्जर सड़क और जलभराव की समस्या से जूझ रहे थे। निर्माण कार्य शुरू होने की खबर से स्थानीय नागरिकों में भारी उत्साह देखा गया। रहवासियों ने जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस निर्माण से आवागमन सुगम होगा और स्वच्छता में भी सुधार आएगा।

### कलेक्टर हुए प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में शामिल

**अशोकनगर।** शासन के निर्देशानुसार "स्कूल चलें हम" अभियान के अंतर्गत बुधवार को जिले में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम 2026 का शुभारंभ किया गया।



कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा जिला मुख्यालय स्थित शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अशोकनगर में सहभागिता कर प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने छात्र-छात्राओं को तिलक लगाया एवं पाठ्य पुस्तकों का वितरण भी किया। साथ ही उन्होंने छात्र छात्राओं को शुभाशीष देते हुए पढाई में निरंतर आगे बढकर उज्जवल भविष्य की कामना की।

---


बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का लगेगा तांता

# शहर के हनुमान मंदिर होंगे आस्था के केन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

हनुमान जयंती का पर्व अशोकनगर शहर में आज भक्ति भाव से मनाया जाएगा। शहर के हनुमान मंदिरों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचेगें। संकट मोचक हनुमान जी सबकी समस्याओं का निवारण करने वाले हैं। इसलिए उनके भक्त भी बहुत हैं। सुबह से ही हनुमान मंदिरो के बाहर श्रद्धालुओं का मेला लगेगा।

शहर मे हनुमान मंदिरों की बात करें तो शहर के तार वाले बालाजी सरकार का मंदिर जन आस्था का सबसे बड़ा केन्द्र हैं। यहां श्रद्धालुओं की सर्वाधिक संख्या नजर आएगी, मंदिर के बाहर सैकड़ों दुकानें लगेगीं जहां प्रसाद से लेकर फूलमालाओं की दुकाने शामिल होगीं। इसके अलावा, सराफा बाजार हनुमान मंदिर पर भी श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचेगे, यह मंदिर भी शहर के पुरानें मंदिरों में से एक है। इसी प्रकार पछाड़ी खेडा



वाले हनुमान मंदिर पर भी श्रद्धालुओं की भीड़ नजर आएगी, यह वही हनुमान मंदिर है जहां आजादी के आंदोलन के दौरान चन्द्रशेखर आजाद ने शरण ली थी। इसी तरह शहर के मंशापूर्ण हनुमान मंदिर, चिंताहरण मंदिर, संकट मोचक मंदिर, ब्रम्हगौड़ मंदिर, शिव टोरिया, पुंडरीकाक्ष मंदिर के साथ शहर के 50 से भी अधिक हनुमान मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था के केन्द्र होगें।



### चैती पूर्णिमा पर करीला में होगा छोटे मेले का आयोजन

करीला धाम पर चैत्र महीने की पूर्णिमा पर छोटे मेले का आयोजन किया जाता है। इस मेले में एक से दो लाख के बीच श्रद्धालु पहुंचते हैं। यहां जानकी माता के दरबार के साथ हनुमान जी का मंदिर भी है। यहां भी भक्तों के द्वारा हनुमान जी के दरबार में पहुंच कर राई का आयोजन कराया जाता है।

### गैस सिलेंडर न मिलने पर उपभोक्ताओं ने जाम लगाया

**अशोकनगर।** स्थानीय कोलुआ रोड पर बाबा गैस एर्जेसी के बाहर मुख्य सड़क पर गैस उपभोक्ताओं ने सिलेण्डर न मिलने के विरोध में जाम लगाया। इस दौरान उपभोक्ताओं का कहना था कि नम्बर लगाने के 15 दिन बाद भी उन्हें सिलेण्डर प्रदान नहीं किया जा रहा है, इस दौरान उन्होंने कालाबाजारी के आरोप भी लगाए। सूचना मिलने के बाद देहात थाने की पुलिस और तहसीलदार मौके पर पहंचे और विरोध प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझाईस दी। जिसके बाद विरोध जता रहे लोगों ने अपना प्रदर्शन वापिस ले लिया। उपभोक्ताओं का कहना है कि जब भी वह सिलेण्डर की मांग करने जाते हैं तब उन्हें कहा जाता है कि उनके घर पहुंचा दिया जाएगा, लेकिन सिलेण्डर नहीं पहुंचाया जा रहा है। जिसके बाद प्रशासन ने उनकी समस्या को गंभीरता से लिया है, ज्ञात हो कि उससे पहले भी उपभोक्ता अपनी मांगों को लेकर विरोध जता चुके हैं।

# जिला कांग्रेस ने भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों के विरोध में प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के विरोध में ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मंहगाई, भ्रष्टाचार, कालाबाजारी, का उल्लेख किया गया है। ज्ञापन में कहा गया है कि गैस सिलेंडर के मूल्यों में वृध्दि करके एवं राज्य की भाजपा सरकार द्वारा बिजली दरों में बढ़ोत्तरी करके जनता का जीना कठिन कर दिया है। साथ ही पेट्रोल/ डीजल की उपलब्धता भी पर्याप्त मात्रा में नहीं होने से आमजन परेशान है। किसान विरोधी भाजपा की सरकार में किसानों की महीनों की मेहनत खेत-खलिहानों में खुले आसमान के नीचे पड़ी है, लेकिन सरकार गेहूं उपार्जन की सिर्फ तारीख पर तारीख दे रही है। पहले 16 मार्च दी, फिर 01 अप्रैल कर दी और अब 10 अप्रैल। यह अत्यंत दुर्भाग्य की बात है कि सरकार गेहूं उपार्जन की तारीख आगे बढ़ाने के पीछे गेहूं की खाली बोरियां उपलब्ध न होने की वजह बता रही है। इससे स्पष्ट पता चलता है कि मध्यप्रदेश का किसान माजपा सरकार की प्राथमिकता में बहुत नीचे है। आज मध्यप्रदेश का किसान कर्ज में डूबा है। कर्ज की किस्त मरने की तारीख निकल गई है, लेकिन मोहन सरकार की लापरवाही के चलते उसे कम दाम में अनाज बेचने पर मजबूर होना पड़ रहा है। आज सबसे बड़ा दुर्भाग्य यह है कि देश के कृषि मंत्री मध्यप्रदेश से आते हैं. जिनके कार्यकाल में किसानों के लिए न सुरक्षा है, न संवेदना, न समाधान। बढ़ते हुए खाद पदार्थो के दामों से आमजन बहुत परेशान है अशोकनगर जिले में स्खनिज एवं अन्य विभागों में अनियमितताओं, घूसखोरी, खनिज इंस्पेक्टर द्वारा राजस्व का चुना लगाना। कुछ दिन पहले खनिज विभाग की महिला अधिकारी की रिस्वत लेते हुए वीडियो वायरल होना।

---

नपा परिषद ने बनाया भव्य सुविधा घाट

# तुलसी सरोवर पर श्रद्धालुओं को मिली बड़ी सौगात



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

शहर की आस्था का केंद्र कहे जाने वाले तुलसी सरोवर तालाब पर अब महिलाओं और श्रद्धालुओं को पूजन-अर्चन में असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा। नगर पालिका परिषद अशोकनगर के अध्यक्ष नीरज मनोरिया एवं सम्पूर्ण परिषद ने संवेदनशीलता और दूरगामी सोच के चलते तालाब के विमान चबूतरे के पास एक सुंदर और व्यवस्थित घाट का निर्माण कराया गया है। इस पहल की पूरे नगर में जमकर सराहना हो रही है।

### वर्षों पुरानी समस्या का हुआ समाधान

तुलसी सरोवर के विमान चबूतरा क्षेत्र में वर्षों से महिलाएं ग्यारस, तीज और अन्य प्रमुख त्योहारों पर दीपदान और पूजा के लिए आती थीं। घाट न होने के कारण पथरीले और उबड़-खाबड़ रास्तों पर बैठकर दीप जलाना महिलाओं के लिए काफी कष्ट दायक होता था। इतना ही नहीं, जलझूलनी एकादशी जैसे महत्वपूर्ण अवसरों पर जब भगवान के विमान तालाब किनारे पहुँचते थे, तब श्रद्धालुओं को ठाकुर जी को जल विहार कराने के लिए तालाब में उतरना पड़ता था। उचित व्यवस्था न होने से लोगों के पैर कीचड़ में धंस जाते थे और गिरने का भय बना रहता था।

### कायाकल्प देख खिले चेहरे

नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया एवं परिषद ने श्रद्धालुओं की इस जमीनी समस्या को महसूस किया और तुरंत यहाँ सीढ़ियों वाले सुंदर घाट के निर्माण का निर्णय लिया। अब तालाब के किनारे पक्की और सुरक्षित सीढ़ियां बन गई हैं, जिससे महिलाएं आसानी से बैठकर पूजन और दीपदान कर पा रही हैं।

---

भू माफिया ने सड़क डालकर प्लॉट बेचने की तैयारी की थी

# प्रशासन ने शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

प्रशासन ने स्थानीय मुस्कान पब्लिक स्कूल के पीछे शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाए जाने की कार्यवाही की है। इस दौरान भू माफिया ने शासकीय जमीन पर कब्जा कर लिया था और प्लॉट काटने के लिए सड़क डाल दी गई थी। इस भूमि की कीमत सबा करोड़ होना बताई गई है। शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने की यह कार्यवाही तहसीलदार भारतेन्दु यादव के निर्देश पर की गई। इस दौरान प्रशासन का अमला मौके पर पहुंचा और अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। इस भूमि के मुख्य द्वार पर भूमाफिया ने



सीमेन्ट्र के पिलर खड़े कर दिए थे और एक आवासीय भू खण्ड की नींव भरी जा चुकी थी, जिसका क्षेत्रफल 800 वर्गफुट है। इसके अलावा कॉलोनी काटने के लिए बीच में सड़क डाली गई थी, टकनेरी के सर्वे नम्बर 23 के अंतर्गत यह कार्यवाही की गई है। कुल क्षेत्रफल सबा बीघा है। इस भूमि पर बृजमोहन पुत्र नारायण कुशवाह द्वारा कब्जा किया गया था, इस दौरान प्रशासन की ओर से नायब तहसीलदार मुकेश दुवे, राजस्व निरीक्षक बृजमोहन शर्मा, पटवारी जितेन्द्र शर्मा, संतोष रघुवंशी, अनिल शर्मा, गौरव त्यागी, जगभान यादव, रूपेन्द्र यादव, जितेन्द्र जादौन, अभिषेक चैहान और राजपाल मीना शामिल थे।

---

गुस्साए व्यापारियों ने सुबह 9 बजे बंद रखीं दुकानें

पूर्व विधायक संग सैकड़ों नागरिकों ने विरोध कर ज्ञापन दिया

# कचरे का अंबार, जनता का फूटा गुस्सा, नारकीय जीवन से तंग नागरिकों ने दी चक्का जाम की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

अपनी ऐतिहासिक विरासत और साड़ियों के लिए विश्व विख्यात चंदेरी इन दिनों कचरे के ढेरों और नालियों की सड़ांध के बीच दम तोड़ रही है। पिछले 24 मार्च से शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। नगर पालिका को नियमित टैक्स देने के बावजूद, शहरवासी गंदगी के ढेर में रहने को मजबूर हैं। इसी आक्रोश के चलते आज चंदेरी की सड़कों पर जनसैलाब विरोध के लिए उमड़ पड़ा।

### बाजार बंद कर विरोध में उतरे व्यापारी और आम जन

सफाई व्यवस्था के विरोध में आज सुबह 9 बजे चंदेरी के व्यापारियों ने अपनी दुकानें बंद रखीं और विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। नागरिकों का कहना है कि जब सरकार स्वच्छ भारत का नारा देती है, तो चंदेरी में यह अभियान केवल कागजों तक ही सीमित क्यों



है? मुख्य मार्गों से लेकर रिहायशी इलाकों तक गंदगी का साम्राज्य फैला हुआ है।

**सत्ता पक्ष की चुप्पी पर जनता का प्रहार**-आंदोलन के दौरान नागरिकों ने सत्ता पक्ष के स्थानीय नेताओं पर गंभीर आरोप लगाए। लोगों का कहना है कि जिले से लेकर चंदेरी तक सत्ता पक्ष के नेताओं के पास बड़े पद हैं, लेकिन शहर की इस बदहाली पर किसी ने आवाज नहीं उठाई। रैली में सत्ता पक्ष के एक भी नेता का शामिल न होना जनता के बीच चर्चा का विषय बना रहा। लोगों ने आरोप लगाया कि कहीं न कहीं इन नेताओं के संरक्षण में ही नगर पालिका प्रशासन लापरवाही बरत रहा है।

### एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, प्रमुख मांगें और चेतावनी

पूर्व विधायक गोपाल सिंह चैहान, अखिलेश श्रीवास्तव, डाले उर्फ बाहुबली और संदीप श्रीवास्तव सहित सैकड़ों गणमान्य नागरिकों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

### ज्ञापन में निम्नलिखित बिंदुओं पर तत्काल कार्रवाई की मांग की गई

- नियमित कचरा उठाव हर वार्ड में डोर-टू-डोर कलेक्शन वाहन समय पर पहुंचे।
- चोक नालियों की सफाई मानसून से पहले सभी छोटी-बड़ी नालियों की मशीनीकृत सफाई हो।
- भ्रष्टाचार पर लगाम स्वच्छता बजट का सही उपयोग हो और नदारद रहने वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाए।
- सार्वजनिक डस्टबिन पर्यटन स्थलों और बाजारों में पर्याप्त संख्या में कचरा पात्र रखे जाएं।
- यदि आगामी 3 से 5 दिनों के भीतर सफाई व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ, तो जनता सड़कों पर उतरकर चक्काजाम और नगर पालिका का घेराव करेगी।

